मनमोहिनीवन काम्प्लेक्स को ग्रीन बिल्डिंग का अवार्ड

आबू रोड, 10 अक्टूबर, पर्यावरण की दृष्टि से इको फ्रेन्डली, बेहतरीन इलीवेशन, पानी, बिजली के सुरक्षित ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा निर्मित मनमोहिनी वन तथा आनन्द सरोवर को इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउन्सिल की ओर से ग्रीन बिल्डिंग का सम्मान मिला है। यह अवार्ड जयपुर के एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में दिया गया। इस अवार्ड के लिए ब्रह्माकुमारीज संस्था के मुख्य अभियन्ता बीके भरत को दिया।

ब्रह्माकुमारीज संस्था का मनमोहिनीवन तथा आनन्द सरोवर परिसर में करीब पांच हजार से भी ज्यादा पौधे तथा फल फूल वाले वृक्ष लगाये गये हैं। इसके साथ ही बाग बगीचे, पानी, निकास तथा बिजली एवं फायर सेफ्टी की बेहतरीन व्यवस्था है। सात हजार आवासीय इस बिल्डिंग का निर्माण पांच वर्ष पूर्व हुआ था। ब्रह्माकुमारीज पहला आध्यात्मिक संस्थान है जिसके द्वारा निर्मित दो भवनों को इस अवार्ड से नवाजा गया है।

यह अवार्ड इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउन्सिल के अध्यक्ष वी सुरेश, इंडियन ग्रीन बिल्डिंग रेसिडेन्सियल सोसायटी के उपाध्यक्ष माला सिंह, आईबीसी जयपुर के अध्यक्ष जैमिनी ओबेराय तथा उपाध्यक्ष आनन्द मिश्रा ने बड़े समारोह में यह अवार्ड प्रदान किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि ब्रह्माकुमारीज संस्थान लगातार इस क्षेत्र में कार्य करता रहेगा। जिससे पर्यावरण की रक्षा की जा सके।